# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

## लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

## मंगलवार, 31 मार्च, 2015/10 चैत्र, 1937 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** ].

**कुल प्रश्न** - 18

----

### एफ0 आर0 डी0 ए0 के अन्तर्गत समितियों का गठन

775 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जिला चम्बा में Forest Right Dweller Act के अन्तर्गत समितियों का गठन किया जा चुका है; और

(ख) यदि हां, तो ब्यौरा विधान सभा चुनाव क्षेत्र का राजस्व मोहाल के नाम सहित दें?

----

### पुल निर्माण

842 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि भटियात विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत सांजी नाला चक्की खड्ड के पुल के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## मन्दिरों को सरकारी नियन्त्रण में लेना

843 **श्री हंस राज (चुराह)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश में कितने मंदिरों पर सरकार का सीधा नियंत्रण है; जिलावार ब्यौरा दें;

(ख) सरकार क्या चुराह विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत देविकोठी माता, चान्जू माता, चामुंडा माता मन्दिरों को अपने नियन्त्रण में लेने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हां, तो कब तक ?

----

## गुणात्मक शिक्षा

844 **श्री हंस राज (चुराह)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में प्रदेश के सरकारी स्कूलों में गुणात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए क्या प्रयास किये जा रहे हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) चुराह विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत वर्ष 2013 में समस्त वरिष्ठ माध्यमिक, उच्च, माध्यमिक व प्राथमिक पाठशालाओं का परीक्षा परिणाम क्या रहा; खण्डवार ब्यौरा दें ?

----

## हिमऊर्जा के अन्तर्गत परियोजनाएं

845 **श्री हंस राज(चुराह) ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में प्रदेश में हिमऊर्जा के अन्तर्गत कितने पावर प्रोजैक्ट स्वीकृत किये गए हैं; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ख) चुराह विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत हिमऊर्जा के माध्यम से कौन-कौन से कार्य किए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

----

## प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित करना

846 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू) :**
**श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में जो खिलाड़ी विंटर स्पोर्ट्स तथा अन्य खेलों में राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय, ओलम्पिक, ऐशियन स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर भाग लेते हैं, उनके लिए सरकार की प्रोत्साहन और पुरस्कार देने की क्या नीति है; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार जिला कुल्लू के उन 12 एथलिटों को, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर व एशियन और ओलम्पिक खेलों में अच्छा प्रदर्शन किया है; को सम्मानित करने का विचार रखती है ?

----

## कम्पनी के विरूद्ध कार्रवाई

847 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि ट्रांसमिशन लाइन एवं टावर निर्माण का कार्य पार्वती कोल डैम ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटिड जोकि पावर ग्रिड Corporation की एक शाखा है को दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त कम्पनी द्वारा इस समय जिला बिलासपुर के गांव धौण-कोठी, धार टटोह, करोट, कोटी वताला वटोली, जुखाला इत्यादि में मनमाने ढंग से निर्माण कार्य किया जा रहा है; और

(ग) स्थानीय लोगों ने कम्पनी के विरूद्ध क्या F.I.R दर्ज की और सरकार ने क्या-क्या कार्रवाई की; ब्यौरा दें ?

----

## मास्टर प्लान

848 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण संस्थान ने कुल्लू जिला के विभिन्न मंदिर, ऐतिहासिक इमारतें या दुर्ग तथा अन्य संस्थान सम्मिलित किये हैं; यदि हां, तो क्रमवार सूची सभा पटल पर रखें; और

(ख) इनके रख-रखाव के लिए क्या मास्टर प्लान तैयार किया है और कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया; ब्यौरा दें ?

----

## सिविल अस्पताल मनाली

779 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में सिविल अस्पताल मनाली के साथ लगती मैदान की लगभग 7 बीघा भूमि के स्वामित्व की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा न्यायालय में चल रहे मामलों सहित दें?

----

## बन्द पाठशालाओं को पुनः प्रारम्भ करना

849 **श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 2 वर्षों में सरकार ने कितनी बन्द पाठशालाओं को पुनः शुरू किया; इनमें कितने Primary व Middle हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) कितने Middle से High School व High से +2 बनाये गए और कितने +2 स्कूलों में Science Classes शुरू की गई; ब्यौरा दें ?

----

## फीस वृद्धि

850 **श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वित्तीय वर्ष 2014-15 में J P University Waknaghat द्वारा जो Fee Structure लागू किया है क्या वह सरकार द्वारा अनुमोदित है;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा क्या मानक तय किए गए हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) यदि फीस वृद्धि सरकार के अनुमोदन के बिना की जा रही है तो इसे रोकने के लिए क्या-क्या कदम उठाए जा रहे हैं; विवरण दें ?

----

## अग्निशमन केन्द्र की स्थापना

851 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत चैल चौक या गोहर में अग्निशमन केन्द्र खोलने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक ?

----

## बस सेवा

852 **श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार द्वारा नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत क्या कम किराये वाली बसें चलाई गई हैं; और

(ख) यदि नहीं, तो सरकार कब तक कितनी बसें चलाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें ?

----

## नवीकरण फीस

853 **श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में सब्जी मण्डी, विपणन बोर्ड क्षेत्रों में आढ़तियों की Licence Renewal Fee कितनी है;

(ख) यह सत्य है कि सरकार ने Licence Renewal Fee में बढ़ौतरी की है; और

(ग) यदि हां, तो कितनी ?

----

## Latest Position of DPRs

854 **Smt. Sarveen Chaudhary (Shahpur):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that from 1.1.2013 to 31.1.2015 how many DPRs have been prepared by Agriculture Department in Shahpur Assembly Constituency and what is their latest position ?

----

## पशु बीमा योजना

855 **श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में पशु चिकित्सालय, इन्दौरा के अन्तर्गत पशु बीमा योजना का लाभ किन-किन पात्र व्यक्तियों को दिया गया; ब्यौरा नाम व पते सहित दें ?

----

## Allocation of Work

**856** **Shri Narinder Thakur(Sujanpur) :**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

whether the department will supply following information of HPPWD Division Touni Devi & Sub-division Sujanpur w.e.f. January, 2013 to 15th February,2015:-

(i) material taken such as aggregate, sand, fuel wood and equipments etc.;

(ii) total numbers of contract agreements/tenders;

(iii) total estimated cost of those agreements, total awarded amount, total payment made and yet to be made; and

(iv) the spot of such type of material where used; details quantity and road-wise be given ?

----

## सी0 ए0 स्टोर की स्थापना

**857** **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में उद्योग विभाग द्वारा Single Window Clearance के अन्तर्गत कितने C.A. Store के निर्माण के प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई; ब्यौरा दें;

(ख) उपरोक्त C.A. Stores कहां-कहां पर व किस-किस व्यक्ति या कम्पनी द्वारा स्थापित किए गए हैं; ब्यौरा स्थान का, व्यक्ति या कम्पनी के नाम सहित दें;

(ग) उपरोक्त C.A. Stores की Estimated Project Report तथा Subsidy Component (अनुदान भाग) कितना-कितना है; जानकारी C.A. Store-wise दें; और

(घ) स्वीकृत C.A. Store के लिए कौन-कौन सी केन्द्रीय प्रायोजित Agencies द्वारा कितना-कितना अनुदान दिया गया; ब्यौरा दें ?

----

**शिमला: 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांक: 13 मार्च, 2015.** **सचिव।**